# व्याकरण सुमन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप

**2**



अशोक कुमार गुप्ता
एम० ए०

BRILLIANT BOOKS

# विषय-सूची


1. भाषा और व्याकरण ... 03
Language and Grammar
2. वर्ण और वर्णमाला ... 07
Letters and Alphabet
3. मात्राएँ, शब्द और वाक्य ... 11
Vowel Symbols, Word and Sentence
4. संज्ञा : नाम की बात ... 16
Noun : Names
5. संज्ञा : लिंग—पुरुष एवं स्त्री ... 21
Noun : Gender—Male and Female
6. संज्ञा : वचन—एकवचन एवं बहुवचन ... 26
Noun : Number—One and Many
7. सर्वनाम : सबका नाम ... 30
Pronoun : Name for All
8. विशेषण : कैसा-कितना ... 33
Adjective : How-Much
9. क्रिया : काम ही काम ... 36
Verb : Actions
10. पर्यायवाची शब्द : वस्तु एक, नाम अनेक ... 39
Synonyms
11. विलोम शब्द ... 42
Antonyms
12. शब्द-समूह के लिए एक शब्द ... 45
One Word for Many
13. दिन और महीने ... 47
Days and Months
14. चित्र-वर्णन ... 49
Picture Reading
15. पत्र-लेखन ... 50
Letter-Writing
16. कहानी-लेखन ... 52
Story-Writing
17. निबन्ध-लेखन ... 55
Essay-Writing
18. अपठित गद्यांश ... 57
Unseen Passages
- Periodic Test : Term-1 ... 59
- Half-Yearly Test Paper ... 60
- Periodic Test : Term-2 ... 62
- Annual Test Paper ... 63



BRILLIANT BOOKS
A-9, झिलमिल इण्डस्ट्रियल एरिया, दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के पीछे, दिल्ली-110 095
email : info@brilliantbooks.co.in
www.brilliantbooks.co.in
Tollfree : 1800 270 1317





© प्रकाशकाधीन



*कला कार्य*
मलय चक्रवर्ती


प्रकाशक एवं मुद्रक
विद्या प्रकाशन मन्दिर प्रा० लि०



इस पुस्तक को यथासम्भव शुद्ध एवं त्रुटिरहित रूप में प्रस्तुत करने का प्रत्येक सम्भव प्रयास किया गया है; फिर भी इसमें कोई कमी अथवा त्रुटि रह गयी हो तो उससे कारित क्षति एवं सन्ताप के लिए लेखक, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक का कोई दायित्व नहीं होगा। प्राप्त सुझावों अथवा त्रुटियों का समायोजन आगामी संस्करण में कर दिया जायेगा।

# 1 भाषा और व्याकरण
## Language and Grammar

हम सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा के द्वारा ही हम अपनी बात या अपने विचार को बोलकर, लिखकर या संकेत करके दूसरों तक पहुँचाते हैं तथा सुनकर, पढ़कर या देखकर दूसरों के विचारों को समझ भी लेते हैं। इसे ही भाषा कहते हैं।





ऊपर के चित्र में अध्यापिका भाषा के लिखित और मौखिक रूप का प्रयोग करके अपने विचार प्रकट कर रही हैं। बीच-बीच में विभिन्न संकेतों के माध्यम से बच्चों को कुछ निर्देश भी दे रही हैं। इस प्रकार भाषा के तीन रूप हो सकते हैं—

**1. मौखिक भाषा (Oral Language)**—जब हम अपने विचार मुख से बोलकर प्रकट करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं। मौखिक रूप भाषा का मूल रूप है।






**2. लिखित भाषा (Written Language)**—जब हम अपने विचार लिखकर प्रकट करते हैं तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। पढ़ने और लिखने के लिए हम लिखित भाषा का प्रयोग करते हैं।




**3. सांकेतिक भाषा (Code Language)**—जब हम अपने विचार संकेतों के द्वारा प्रकट करते हैं तो उसे सांकेतिक भाषा कहते हैं।

हमारे देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं; जैसे—हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, मराठी, तमिल, बंगला, मलयालम आदि। प्रत्येक भाषा को लिखने की विधि या ढंग अलग-अलग होता है। भाषा को लिखने की यह विधि 'लिपि' कहलाती है।

सम्पूर्ण भारत के राजकाज में प्रयोग किये जाने के कारण हिन्दी हमारे देश की राजभाषा है। हिन्दी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। हिन्दी को पढ़ना, लिखना और समझना सरल है। प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है।

## बोली

अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाने के लिए हमें बोलना पड़ता है। हम प्रतिदिन घर में, स्कूल में और अपने दोस्तों से आपस में कुछ-न-कुछ बोलते हैं। बातचीत का यह रूप बोली कहलाता है। यह भाषा की आरम्भिक अवस्था है, इसका लिखित रूप नहीं होता।



सभी जीव-जन्तुओं की अपनी कुछ विशेष बोलियाँ होती हैं, जिन्हें केवल वे ही आपस में समझ सकते हैं।


म्याऊँ-म्याऊँ


काँव-काँव


भौं-भौं


कुकड़ूँ-कूँ


टर्र-टर्र

## व्याकरण

हम भाषा को शुद्ध बोलना और लिखना चाहते हैं। इसके लिए भाषा के नियम जानना आवश्यक है। व्याकरण भाषा के नियम बनाता है। उन्हें जानकर ही हम भाषा को शुद्ध बोलना और लिखना सीख पाते हैं।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) भारत की राजभाषा है—

(i) संस्कृत ◯ (ii) हिन्दी ◯ (iii) तमिल ◯

(ख) भाषा के रूप हैं—

(i) दो ◯ (ii) तीन ◯ (iii) पाँच ◯

(ग) हम हिन्दी दिवस मनाते हैं—

(i) 5 सितम्बर को ◯ (ii) 25 दिसम्बर को ◯ (iii) 14 सितम्बर को ◯

2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए—

(क) बोलकर पढ़ाती अध्यापिका भाषा का ………………… रूप प्रयोग करती हैं। *(लिखित/मौखिक)*

(ख) भाषा के लिखित रूप में बात ………………… बताते हैं। *(बोलकर/ लिखकर)*

(ग) ………………… भारत की राजभाषा है। *(मराठी/हिन्दी)*

(घ) व्याकरण भाषा के ………………… बनाता है। *(नियम/काम)*

3. सही कथन के सामने सही (✓) का और गलत कथन के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए—

(क) भाषा हमारे लिए जरूरी नहीं है।

(ख) हम अपने विचार तीन प्रकार से प्रकट कर सकते हैं।

(ग) हम अपने विचार संकेतों के द्वारा प्रकट नहीं कर सकते।

(घ) हमारे देश में केवल एक ही भाषा बोली जाती है।

(ङ) भाषा व्याकरण के लिए नियम बनाती है।

(च) बोलचाल की भाषा लिपि कहलाती है।

4. हमारे देश में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | | दी | |
| (ख) | | ग | ला |
| (ग) | अं | | जी |
| (घ) | | मि | ल |




5. जीव-जन्तुओं की बोलियाँ लिखिए—







6. नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से देखिए और बताइए कि ये भाषा के किन-किन रूपों के चित्र हैं?








7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) भाषा किसे कहते हैं?

(ख) मौखिक भाषा किसे कहते हैं?

(ग) लिखित भाषा किसे कहते हैं?

(घ) बोली किसे कहते हैं?

# 2 वर्ण और वर्णमाला
## Letters and Alphabet

### वर्ण

जब हम बोलते हैं तो हमारे मुख से ध्वनियाँ निकलती हैं। हर शब्द में कई-कई ध्वनियाँ होती हैं; जैसे—



| | | |
|---|---|---|
|  | मोर | म् + ओ + र् + अ<br>(4 ध्वनियाँ) |
|  | गुलाब | ग् + उ + ल् + आ + ब् + अ<br>(6 ध्वनियाँ) |
|  | रेलगाड़ी | र् + ए + ल् + अ + ग् + आ + ड़ + ई<br>(8 ध्वनियाँ) |

मोर शब्द में चार ध्वनियाँ हैं जबकि गुलाब में छः और रेलगाड़ी में आठ ध्वनियाँ हैं। अतः ध्वनि सबसे छोटी होती है। इसके और छोटे टुकड़े नहीं हो सकते। ध्वनि को ही वर्ण या अक्षर कहते हैं।

- अ, आ, इ, ई ····· क, ख ····· च, छ ····· प, फ ····· स, ह —ये सब वर्ण हैं।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

### वर्णमाला

**किसी भाषा के सभी वर्णों के समूह को उस भाषा की वर्णमाला कहते हैं।**

हिन्दी भाषा की वर्णमाला को दो भागों में विभाजित किया गया है—

**1. स्वर (Vowels)**—जो वर्ण किसी अन्य वर्ण की सहायता के बिना बोले जाते हैं, उन्हें स्वर कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 11 स्वर होते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अनुस्वार | अं | — | ं | ये वर्ण न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन। |
| विसर्ग | अः | — | ः | |
| अनुनासिक | अँ चंद्रबिन्दु | — | ँ | |

**2. व्यंजन (Consonants)**—जो वर्ण स्वर (अ) की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 35 व्यंजन होते हैं।

व्यंजन बोलने में स्वर की सहायता लेनी पड़ती है; जैसे–क् + अ = क

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | | |
| च | छ | ज | झ | ञ | | |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | ड़ | ढ़ |
| त | थ | द | ध | न | | |
| प | फ | ब | भ | म | | |
| य | र | ल | व | | | |
| श | ष | स | ह | | | |

**संयुक्त व्यंजन (Compound Consonants)**—क्ष, त्र, ज्ञ और श्र कुछ व्यंजन दो-दो व्यंजनों के मेल से बने हैं, इन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं। ये इस प्रकार बनते हैं—

क् + ष = क्ष (कक्षा)  त् + र = त्र (पत्र)

ज् + ञ = ज्ञ (ज्ञानी)  श् + र = श्र (श्रम)



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) वर्ण सबसे छोटी इकाई है—

(i) शब्द की ◯ (ii) भाषा की ◯ (iii) वाक्य की ◯

(ख) वर्ण के भेद हैं—

(i) दो ◯ (ii) चार ◯ (iii) तीन ◯

(ग) हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं?

(i) 13 ◯ (ii) 15 ◯ (iii) 11 ◯


(घ) 'ऋ' कैसा वर्ण है?

(i) व्यंजन ◯ (ii) स्वर ◯ (iii) इनमें से कोई नहीं ◯

2. अ से औ तक क्रम से शब्द पूरे कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ नार | ........काश | ........डली | ........शा |
| ........ठना | ........पर | ........तु | |
| ........कता | ........नक | ........स | ........ज़ार |

3. सीढ़ी में क्रम से व्यंजन लिखिए—




4. शब्द और वर्ण-विच्छेद का सही मिलान कीजिए—

| शब्द | वर्ण-विच्छेद |
|---|---|
| भाषा | ट् + उ + क् + अ + ड़् + ए |
| तथा | क् + र + म |
| टुकड़े | व + र् + ण |
| वर्ण | भ् + आ + ष् + आ |
| क्रम | त् + अ + थ् + आ |

5. निम्नांकित चित्रों को देखकर उनकी छोटी-छोटी ध्वनियाँ लिखिए—

उदाहरण— नाचना = न् + आ + च् + अ + न् + आ। 





..........................................  ..........................................

6. पहला वर्ण बदलकर नए शब्द बनाइए—



सस्ता



शोर



हरी

7. नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार ड़ या ढ़ लगाकर शब्द पूरे कीजिए—



पेड़......



च......ना





प......ना



स......क

8. चित्र देखकर शब्द लिखिए—

ल्ल — दिल्ली / ......बिल्ली......



च्च — कच्चा / ................



क्क — पक्का / ................




न्न — पन्ना / ................



ब्ब — धब्बा / ................



त्त — पत्ता / ................



9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

(ख) हिन्दी वर्णमाला किसे कहते हैं?

(ग) हिन्दी में वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

(घ) स्वर कितने होते हैं? लिखिए।

(ङ) संयुक्त वर्णों की संख्या बताइए और लिखिए।

# मात्राएँ, शब्द और वाक्य
## Vowel Symbols, Word and Sentence

### स्वरों की मात्राएँ




ई से ख मिला तो 'ईख' बना।

ग से ऊ मिला तो 'गऊ' बना।

क से ई मिला तो 'कई' बना।



लेकिन 'सेब' कैसे बना?

स + े + ब = सेब

स से ए मिला लेकिन रूप बदलकर। ए का यह बदला रूप (े) मात्रा कहलाता है।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि जब व्यंजन और स्वर मिल जाते हैं, तब स्वर का रूप बदल जाता है। स्वर का यह बदला हुआ रूप ही मात्रा है।

'अ' को छोड़कर सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं—

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |

अन्य ध्वनियाँ जानिए—

| अं | अ: | अँ |
|---|---|---|
| ं | : | ँ |


हंस


प्रात:


चाँद

- सभी मात्राओं को लगाने का तरीका अलग होता है।
- कुछ मात्राएँ व्यंजन के ऊपर तथा कुछ नीचे लगती हैं।
- कुछ मात्राएँ व्यंजन के पहले तथा कुछ बाद में लगती हैं।

**व्यंजन के साथ स्वर 'मात्रा' बनकर जुड़ते हैं।**

देखिए, पढ़िए और मात्राओं के प्रयोग को समझिए—


न + ा + व


ह + ि + र + न


म + छ + ल + ी


क + छ + ु + आ


फ + ू + ल


क + ृ + ष + क



श + े + र


ब + ै + ल


म + ो + र


क + ौ + आ


प + त + ं + ग


ऊ + ँ + ट

आओ, कुछ वर्णों में लगी इन मात्राओं को देखें—

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | कृ | के | कै | को | कौ | कं |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चृ | चे | चै | चो | चौ | चं |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टृ | टे | टै | टो | टौ | टं |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | तृ | ते | तै | तो | तौ | तं |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पृ | पे | पै | पो | पौ | पं |
| य | या | यि | यी | यु | यू | यृ | ये | यै | यो | यौ | यं |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | सृ | से | सै | सो | सौ | सं |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हृ | हे | है | हो | हौ | हं |

## शब्द

वर्णमाला के वर्णों को मिलाकर शब्द बनाए जाते हैं। हर शब्द का कोई-न-कोई अर्थ होता

है। शब्द बनाते समय सही वर्णों का सही जगह प्रयोग होना चाहिए; जैसे—क, म, ल वर्णों को मिलाने पर बनते हैं—



क + म + ल = कमल



क + ल + म = कलम



म + क + ल = मकल

इन वर्णों के मेल में उलट-फेर करने पर या तो शब्द का अर्थ बदल जाता है या उसका (मकल) कोई अर्थ नहीं निकलता। अत: 'मकल' शब्द नहीं है।

शब्द-रचना के अन्य उदाहरण देखिए—



पौ + धा



कि + सा + न



गि + ल + ह + री

## वाक्य

शब्द पढ़िए, जोड़िए और फिर पढ़िए—



खरगोश



गाजर



खाना



लड़की



लड़का



गेंद



खेलना

- खरगोश गाजर खाता है।
- लड़की और लड़का गेंद से खेलते हैं।

इस प्रकार, शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं। वाक्य में शब्द सही क्रम में लिखे या बोले जाते हैं। आपस की बोलचाल में वाक्यों का प्रयोग करते हैं।

**शब्दों के जिस समूह से पूरी बात समझ में आ जाए, उसे वाक्य कहते हैं।**



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) कौन-से स्वर की मात्रा नहीं होती?

(i) आ ◯ (ii) अ ◯ (iii) इ ◯

(ख) कौन-से स्वर की मात्रा व्यंजन के ऊपर लगती है?

(i) ऐ ◯ (ii) उ ◯ (iii) ऋ ◯

(ग) 'इ' स्वर की मात्रा व्यंजन के किस ओर लगती है?

(i) नीचे ◯ (ii) बाद में ◯ (iii) पहले ◯

(घ) हम किनकी सहायता से शब्द बना सकते हैं?

(i) शब्द-समूह ◯ (ii) वर्ण ◯ (iii) वाक्य ◯

2. मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए—



हरन



मछल



चाँद



पतग




क

3. शब्द से ध्वनि का सही मिलान कीजिए—

| ध्वनियाँ | शब्द |
|---|---|
| छ + आ + त् + आ | कौआ |
| क् + इ + त् + आ + ब् + अ | लोमड़ी |
| क् + औ + अ् + आ | छाता |
| ल् + ओ + म् + अ + ड़् + ई | किताब |

4. चित्र देखकर मात्रा वाले शब्द बनाइए—



5. शब्द-जाल में शब्द ढूँढ़कर घेरा लगाइए और लिखिए—

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पू | जा | स | चौ | द | ह | म |
| न | ल | ड़ | की | स | रा | जा |
| म | ह | क | ल | श | ह | प |
| ट | मा | ट | र | दो | सा | ढ़ा |
| का | ला | ह | ल | ड़ | का | ई |

6. सही शब्द लिखकर पूरा वाक्य बनाइए—

(क) तुम कब ............................?

(ख) माँ, मुझे ............................ लगी है।

(ग) मैं 'छोटा भीम' फ़िल्म ............................।

(घ) ............................ तालाब में तैर रही है।

(ङ) कौआ प्यासा ............................।

भूख, था, बतख, आए, देखूँगा

7. सही जोड़े मिलाइए और वाक्य बनाकर लिखिए—

| | |
|---|---|
| (क) सवेरे मुर्गा | चूहे को पकड़ लिया। |
| (ख) कौआ | दीदी कहते हैं। |
| (ग) पेड़ हमें | बाँग देता है। |
| (घ) बड़ी बहन को | काँव-काँव करता है। |
| (ङ) बिल्ली ने | फल देते हैं। |

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) मात्रा से आप क्या समझते हैं?

(ख) शब्दों की रचना किस प्रकार होती है?

(ग) वाक्य किसे कहते हैं?

# 4 संज्ञा : नाम की बात
## Noun : Names

हर प्राणी, स्थान और वस्तु का नाम होता है और नाम से ही उसकी पहचान होती है। नाम किसी का भी हो, वह संज्ञा कहलाता है। अवस्था और भाव भी संज्ञा होते हैं।

नीचे कुछ नाम शब्दों के चित्र दिए गए हैं। आइए देखें—

### व्यक्तियों के नाम


महात्मा गांधी



मदर टेरेसा



अब्दुल कलाम


मुंशी प्रेमचन्द

### पशु-पक्षियों के नाम


कुत्ता


घोड़ा


तोता


कबूतर

### स्थानों के नाम


घर



स्कूल


खेल का मैदान


चिड़ियाघर

### इमारतों के नाम


ताजमहल


चारमीनार


इण्डिया गेट


कुतुबमीनार

### व्यवसायों के नाम



अध्यापिका



डॉक्टर



किसान



डाकिया

### यातायात के साधनों के नाम



कार



हवाई जहाज



रेलगाड़ी



बस

### वाद्य-यन्त्रों के नाम



तबला



हारमोनियम



गिटार



सारंगी

### फल, सब्जियों के नाम




सेब



अनन्नास



फूलगोभी



गाजर

### फूलों के नाम



कमल



गुलाब



कुमुदिनी (लिली)



सूरजमुखी

वस्तुओं के नाम



कुर्सी




पुस्तक



टेलीफोन



टेलीविजन


खेलों के नाम



क्रिकेट



हॉकी




लूडो



कैरम

त्योहारों के नाम



दीपावली



ईद



गुरुपर्व



क्रिसमस

भाव के नाम



बुढ़ापा



खुशी



प्रेम



दया

संज्ञा कहते नाम को, प्राणी, वस्तु या स्थान।
भाव भी होते हैं संज्ञा, लो तुम भी संज्ञा पहचान।।

## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) संज्ञा कहते हैं—

(i) वर्ण-समूह को ◯ (ii) शब्द-समूह को ◯

(iii) किसी प्राणी, वस्तु या स्थान के नाम को ◯

(ख) किसान है—

(i) व्यक्ति का नाम ◯ (ii) व्यवसाय का नाम ◯ (iii) स्थान का नाम ◯

(ग) फूलगोभी है—

(i) फूल का नाम ◯ (ii) फल का नाम ◯ (iii) सब्जी का नाम ◯

(घ) चिड़ियाघर है—

(i) स्थान का नाम ◯ (ii) इमारत का नाम ◯ (iii) पशु-पक्षी का नाम ◯

2. दिए गए संज्ञा शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए—

*हिरन, नदी, मोर, ताजमहल, बालक, तारे*

(क) आकाश में ..................... निकलते हैं।

(ख) हर्ष ............................ में नहाता है।

(ग) यह आगरे का ............................ है।

(घ) वन में ........................... नाच रहा है।

(ङ) ...................... बूढ़े को सहारा दे रहा है।

(च) शिकारी .................... के पीछे भाग रहा है।

3. निम्नलिखित वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए—

(क) राम कल आगरा जाएगा।

(ख) हाथी की सूँड़ लम्बी होती है।

(ग) मेरे पास एक पुस्तक है।

(घ) बालक पढ़ रहा है।

(ङ) दिल्ली भारत की राजधानी है।

4. निम्नांकित चित्र किस भाव को प्रकट कर रहे हैं? लिखिए—


..............................


..............................


..............................


..............................

5. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मोहन | आगरा | केला | पेन्सिल | दिल्ली | पुस्तक | महात्मा गांधी | ईशान |
| सीता | मुम्बई | गेंद | रवि | रामायण | ताजमहल | कुतुबमीनार | |

| | व्यक्ति का नाम | वस्तु का नाम | स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| (क) | .............................. | .............................. | .............................. |
| (ख) | .............................. | .............................. | .............................. |
| (ग) | .............................. | .............................. | .............................. |
| (घ) | .............................. | .............................. | .............................. |
| (ङ) | .............................. | .............................. | .............................. |

6. प्रत्येक पंक्ति में जो नाम समूह से अलग लगे उसके चारों ओर घेरा खींचिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| लड़का | लड़की | हिरन | आदमी |
| ताजमहल | शहर | कुतुबमीनार | लालकिला |
| कबूतर | तोता | हाथी | मोर |
| रमेश | रीता | शुभम् | बिल्ली |
| नमक | चीनी | पानी | चूरन |

7. चित्र देखकर पशु, पक्षी और वस्तुओं के नाम लिखिए—



.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

5

# संज्ञा : लिंग—पुरुष एवं स्त्री

## Noun : Gender—Male and Female

हम अपने आस-पास अनेक प्राणी या वस्तुएँ देखते हैं। उनके नाम से हमें यह पता चलता है कि वे पुरुष जाति के हैं या स्त्री जाति के। शब्द के इस रूप को व्याकरण में लिंग कहते हैं।

पढ़िए और समझिए—



पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।



माता जी खाना पका रही हैं।

इन वाक्यों में पिता जी से पुरुष जाति का और माता जी से स्त्री जाति का बोध होता है।

कुछ अन्य उदाहरण देखिए—



लड़का



लड़की



शेर



शेरनी



सेठ



सेठानी



छात्र



छात्रा

लड़का, सेठ, शेर और छात्र हमें पुरुष जाति का तथा लड़की, सेठानी, शेरनी और छात्रा स्त्री जाति का ज्ञान कराते हैं। सभी नाम पुरुषवाचक अथवा स्त्रीवाचक होते हैं।


**शिक्षकों के लिए**

- बच्चों को लिंग के बारे में बताएँ। अलग-अलग नामों के उदाहरण देकर पुरुष और स्त्री शब्दों की पहचान करवाएँ।

## लिंग के भेद

लिंग दो प्रकार के होते हैं—पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग।

1. **पुल्लिग**—जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराता है, उसे पुल्लिग कहते हैं; जैसे—



बकरा




कबूतर



राजा

2. **स्त्रीलिंग**—जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे—



बकरी



कबूतरी



रानी

नीचे दिए गए कुछ शब्द पढ़िए, जो हमें स्त्रीलिंग एवं पुल्लिग का ज्ञान कराते हैं—

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| बेटा | बेटी | ऊँट | ऊँटनी |
| चाचा | चाची | चूहा | चुहिया |
| मामा | मामी | मुर्गा | मुर्गी |
| नाना | नानी | घोड़ा | घोड़ी |
| भाई | बहन | कुत्ता | कुतिया |
| युवक | युवती | मोर | मोरनी |
| मौसा | मौसी | हाथी | हथिनी |
| माली | मालिन | बन्दर | बन्दरिया |
| पति | पत्नी | बैल | गाय |
| धोबी | धोबिन | हिरन | हिरनी |
| अध्यापक | अध्यापिका | बिलाव | बिल्ली |


### याद रखिए

सभी शब्दों का कोई-न-कोई लिंग अवश्य होता है। वे या तो पुल्लिंग होते हैं या स्त्रीलिंग। बेजान चीज़ें भी पुल्लिंग या स्त्रीलिंग होती हैं।

**पुल्लिंग**



सूरज निकल रहा है।




वायुयान उड़ रहा है।

**स्त्रीलिंग**



वर्षा हो रही है।



खिड़की खुली है।

## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) लिंग कहते हैं—

(i) स्त्री जाति या पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को ◯

(ii) ऐसे शब्दों को जिनसे कार्य के होने का पता चले ◯

(iii) संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्दों को ◯

(ख) हिन्दी में लिंग के कितने भेद हैं?

(i) चार ◯ (ii) दो ◯ (iii) तीन ◯

(ग) 'युवक' शब्द का सही स्त्रीलिंग शब्द है—

(i) युवकी ◯ (ii) युवकिन ◯ (iii) युवती ◯

(घ) 'गाय' शब्द का सही पुल्लिंग शब्द है—

(i) बैल ◯ (ii) बछड़ा ◯ (iii) भैंसा ◯

2. यदि होता है तो पु० लिखिए और यदि होती है तो स्त्री० लिखिए—



गमला ________



चप्पल ________




पुस्तक ________



उल्लू ________



अध्यापिका ..........



मुर्गा ..........



बन्दर ..........



गाय ..........

3. वाक्य पूरे कीजिए और पढ़िए—

मोर नाचता है।

.............................. नाच देखती है।





धोबी कपड़े धोता है।

.............................. कपड़े सुखाती है।



बकरी चरती है।

बकरा भी .............................. है।



मालिन फूल चुन रही है।

माली भी फूल चुन .............................. ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) लिंग किसे कहते हैं?

(ख) लिंग के भेद बताइए। उदाहरण भी दीजिए।

5. इन समूहों में जो स्त्रीलिंग नहीं हैं, उन पर गोले बनाइए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | देवरानी | बेटी | नागिन | हंस |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ख) | कुतिया | मोर | बकरी | घोड़ी |
| (ग) | दादा | छात्रा | मौसी | बाघिन |

6. मैं लड़की हूँ तो लड़का कौन?

| | |
|---|---|
| नानी | ......नाना...... |
| दुलहन | ...................... |
| हथिनी | ...................... |
| गुड़िया | ...................... |
| सेठानी | ...................... |

7. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरिए—

(क) कौशल अच्छा .............................. है। (लड़का/लड़की)

(ख) निक्की पाठशाला जा .............................. है। (रही/रहा)

(ग) .............................. कपड़े धो रहा है। (धोबिन/धोबी)

(घ) मेरी .............................. डॉक्टर है। (भाई/बहन)

(ङ) दादी जी कहानी सुना .............................. हैं। (रही/रहा)

8. रेखा खींचकर जोड़ा मिलाइए—

| पुल्लिंग शब्द | स्त्रीलिंग शब्द |
|---|---|
| भाई | युवती |
| दादा | हिरनी |
| ऊँट | नागिन |
| युवक | दादी |
| हिरन | बहन |
| नाग | ऊँटनी |

# 6 संज्ञा : वचन—एकवचन एवं बहुवचन

## Noun : Number—One and Many

सभी चीज़ें एक या एक से अधिक होती हैं। जब हम एक चीज़ के बारे में कहते हैं तो वह होती है—एक। जब एक से अधिक चीज़ों के बारे में कहते हैं, तो वे होती हैं—अनेक।

एक



अनेक



संज्ञा शब्द के जिस रूप से एक या एक से अधिक (अनेक) होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

### वचन के रूप

वचन दो प्रकार के होते हैं—

1. **एकवचन (Singular Number)**—शब्द के जिस रूप से एक प्राणी या वस्तु का बोध होता है, वह एकवचन होता है; जैसे—



लड़का



तितली



गुड़िया

**शिक्षकों के लिए**

- बच्चों को एक और अनेक की पहचान करवाइए। उन्हें बताइए कि इन्हें एकवचन और बहुवचन कहते हैं।

**2. बहुवचन (Plural Number)**—शब्द के जिस रूप से एक से अधिक प्राणियों या वस्तुओं का बोध होता है, वह बहुवचन होता है; जैसे—


लड़के


तितलियाँ


गुड़ियाँ

ऊपर दिए गए उदाहरणों से स्पष्ट है कि एक से अधिक होने पर प्राणी या वस्तु के नाम में बदलाव आ जाता है।

नीचे कुछ एकवचन और उनके बहुवचन दिए गए हैं, इन्हें याद कीजिए—

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| लड़का | लड़के | बच्चा | बच्चे |
| मेला | मेले | केला | केले |
| पंखा | पंखे | कमरा | कमरे |
| घोड़ा | घोड़े | पत्ता | पत्ते |
| तोता | तोते | कपड़ा | कपड़े |
| प्याला | प्याले | घंटा | घंटे |
| आँख | आँखें | रात | रातें |
| सड़क | सड़कें | पुस्तक | पुस्तकें |
| बहन | बहनें | औरत | औरतें |
| बतख | बतखें | दुकान | दुकानें |
| मशीन | मशीनें | मेज | मेजें |
| माता | माताएँ | मैं | हम |
| माला | मालाएँ | सेना | सेनाएँ |
| घटा | घटाएँ | कक्षा | कक्षाएँ |
| रानी | रानियाँ | परी | परियाँ |
| कहानी | कहानियाँ | रोटी | रोटियाँ |
| गली | गलियाँ | कली | कलियाँ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी | नदियाँ | बकरी | बकरियाँ |
| मुर्गी | मुर्गियाँ | लड़की | लड़कियाँ |
| पत्ती | पत्तियाँ | मक्खी | मक्खियाँ |
| बिल्ली | बिल्लियाँ | मिठाई | मिठाइयाँ |
| चिड़िया | चिड़ियाँ | गाड़ी | गाड़ियाँ |
| चुहिया | चुहियाँ | बुढ़िया | बुढ़ियाँ |



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) 'खेल रही है छोटी बहना।' —इससे पता चलता है, बहना की—

(i) एक संख्या का ◯ (ii) अनेक संख्याओं का ◯ (iii) इनमें से कोई नहीं ◯

(ख) 'चूहे भागे बिल के अन्दर' इससे पता चलता है, चूहे की—

(i) अनेक संख्याओं का ◯ (ii) एक संख्या का ◯ (iii) इनमें से कोई नहीं ◯

(ग) वचन के भेद होते हैं—

(i) तीन ◯ (ii) चार ◯ (iii) दो ◯

(घ) 'बच्चे' शब्द है—

(i) एकवचन ◯ (ii) बहुवचन ◯ (iii) इनमें से कोई नहीं ◯

2. बेचारा एकवचन अपने बहुवचन से बिछुड़ गया है, आओ उसे उसके साथी से मिलाएँ—

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| माला | पत्ते |
| रात | बकरियाँ |
| गिलहरी | रातें |
| नदी | मालाएँ |
| पत्ता | गिलहरियाँ |
| बकरी | नदियाँ |

3. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए—



लड़का दौड़ रहा है।

........................................ देख रहे हैं।



पुस्तक खुली है।

........................................ बन्द हैं।



चिड़िया बैठी है।

........................................ उड़ रही हैं।



लड़की गा रही है।

........................................ नाच रही हैं।

4. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए—

(क) ........................................ घास खा रहे हैं। (घोड़ा/घोड़े)

(ख) बगीचे में ........................................ उड़ रही हैं। (तितलियाँ/तितली)

(ग) ........................................ नाच रही है। (गुड़िया/गुड़ियाँ)

(घ) थैले में कितनी ........................................ हैं? (वस्तुएँ/वस्तु)



5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) वचन किसे कहते हैं?

(ख) एकवचन किसे कहते हैं?

(ग) बहुवचन किसे कहते हैं?

(घ) एकवचन और बहुवचन में अन्तर बताइए।

7

# सर्वनाम : सबका नाम
## Pronoun : Name for All

कुछ शब्द सब नामों के स्थान पर आते हैं। ऐसे शब्द जो नाम (संज्ञा) के स्थान पर प्रयोग होते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं।

देखिए, पढ़िए और समझिए—



माँ — निक्की, क्या कर रही हो?

निक्की — मम्मी, मैं बाजार जा रही हूँ। आप भी मेरे साथ चलिए।

माँ — नहीं, तुम रमा के साथ चली जाओ।

यहाँ 'मैं', 'मेरे', 'तुम' निक्की के लिए आए हैं और 'आप' माँ के लिए।



ईशान अच्छा लड़का है। वह सबकी मदद करता है।




अमित और राहुल मित्र हैं। वे स्कूल साथ जाते हैं।



छात्रों ने अध्यापक से कहा— "हम खूब मेहनत करेंगे।"

ऊपर दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द का प्रयोग इस प्रकार हुआ है—

| | |
|---|---|
| निक्की के लिए | मैं, मेरे, तुम |
| माँ के लिए | आप |
| ईशान के लिए | वह |
| अमित और राहुल के लिए | वे |
| छात्रों के लिए | हम |

नाम के बदले आने वाले शब्दों की तालिका को पढ़िए और समझिए—




| | | |
|---|---|---|
| मैं | ⟷ | हम |
| तुम | ⟷ | आप |
| वह | ⟷ | वे |
| यह | ⟷ | ये |







जो
कोई
कौन
क्या




इस तालिका से स्पष्ट होता है कि अपने लिए मैं, हम, मेरा, हमारा; दूसरों के लिए तुम, तुम्हारा, अपने से बड़ों के लिए आप, आपका तथा जो पास नहीं है उसके लिए वह, वे, उसका, उनका शब्दों का प्रयोग करना चाहिए।

सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करने से भाषा सुन्दर और प्रभावशाली लगती है।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए—

(क) माधव, .................... कहाँ जा रहे हो?

(i) वह ◯ (ii) मैं ◯ (iii) तुम ◯

(ख) आप घर चलो, .................... जल्दी आता हूँ।

(i) तुम ◯ (ii) मैं ◯ (iii) वे ◯

(ग) आओ, .................... सब मिलकर खेलें।

(i) हम ◯ (ii) वे ◯ (iii) ये ◯

(घ) .................... इस समय घर पर नहीं है।

(i) मैं ◯ (ii) तुम ◯ (iii) वह ◯

2. नाम और उसके बदले आने वाले शब्द पहचानकर अलग-अलग लिखिए—

लड़के सचिन मेरी गुड़िया स्कूल वे मैं तुम्हारा

नाम ........ ........ ........ ........

नाम के बदले ........ ........ ........ ........

3. उपयुक्त सर्वनाम शब्द लगाकर वाक्य पूरे कीजिए—

(क) क्या ........ अन्दर आ सकता हूँ?

(ख) ........ घर कब लौटेंगे?

(ग) ........ सुन्दरता देखकर विमल दंग रह गया।

(घ) ........ पापा सबके लिए उपहार लाए।

(ङ) क्या ........ के लिए चाय बनाऊँ?

4. रंगीन नाम के बदले सर्वनाम शब्द चुनकर प्रश्न पूछिए—

(क) आगरा में ताजमहल है। (कौन / क्या)

(ख) रमा विद्यालय जाती है। (क्या / कहाँ)

(ग) माँ पकवान बना रही है। (कौन / क्या)

(घ) मेरे साथ कुत्ता है। (कहाँ/ क्या)

5. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से छोटे-छोटे वाक्य बनाइए—

(क) वह ........

(ख) उसका ........

(ग) आप ........

(घ) आपका ........

(ङ) हम ........

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं?

(ख) अपने से बड़ों के लिए कौन-कौन से सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हैं?

# 8 विशेषण : कैसा-कितना
## Adjective : How-Much

कुछ शब्द हमें संज्ञा या सर्वनाम के बारे में बताते हैं कि वे कैसे हैं और कितने हैं। ऐसे शब्द विशेषण कहलाते हैं।

देखिए, पढ़िए और समझिए—



काले बाल



नीली पतंग



मीठी चॉकलेट



खट्टा नींबू



ऊँचा ऊँट



छोटा खरगोश



गर्म चाय



ठंडी आइसक्रीम



थोड़ा पानी



तीन गुब्बारे

चित्रों के साथ लिखे रंगीन शब्द (काले, नीली, मीठी, खट्टा, ऊँचा, छोटा, गर्म, ठंडी, थोड़ा, तीन) अपने सामने लिखे संज्ञा शब्दों (बाल, पतंग, चॉकलेट, नींबू, ऊँट, खरगोश, चाय, आइसक्रीम, पानी, गुब्बारे) की विशेषता बता रहे हैं।

संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ कैसे या कितने लगाने से जो उत्तर शब्द रूप में मिलता है, वही विशेषण होता है।

विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं। ऊपर दिए गए उदाहरण में 'काले' विशेषण तथा 'बाल' विशेष्य है।

इसे याद रखिए— संज्ञा हो या सर्वनाम, गुण-दोष बताना मेरा काम।
नाप-तौल और संख्या का, देता हूँ मैं ज्ञान।
बच्चो! 'विशेषण' है मेरा नाम।।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) विशेषण कहते हैं—

(i) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को

(ii) संज्ञा के स्थान पर बोले या प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को

(iii) पुरुष या स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को

(ख) 'अच्छे बच्चे कक्षा में शरारत नहीं करते' —इस वाक्य में विशेषण शब्द है—

(i) शरारत (ii) कक्षा (iii) अच्छे

(ग) 'आम बहुत मीठा है।' —इस वाक्य में विशेषण शब्द है—

(i) बहुत (ii) मीठा (iii) आम

2. उदाहरणस्वरूप नीचे दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द ढूँढ़कर उनके नीचे रेखा खींचिए—

(क) हरे-भरे पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं।

(ख) छत पर मोटा बन्दर बैठा है।

(ग) तेज़ धूप में मत बैठो।

(घ) रेखा ने सुन्दर कपड़े पहने हैं।

(ङ) मीना के पास दो लड्डू हैं।

(च) गन्दी चीज़ें मत उठाओ।

(छ) काली कोयल पेड़ पर बैठी है।

3. नीचे दिए विशेषण और विशेष्य (संज्ञा शब्दों) के जोड़े बनाइए—

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| खट्टा | साँप |
| नीला | पानी |
| ज़हरीला | चीनी |
| दो किलो | कौआ |
| ठंडा | आसमान |
| काला | नींबू |

4. खाली स्थान में उचित विशेषण शब्द चुनकर भरिए—

(क) गुलाब का फूल बहुत ही ...................... होता है।

(ख) डाकिया ...................... वर्दी पहनता है।

(ग) मैं कक्षा ...................... में पढ़ता/पढ़ती हूँ।

(घ) पेड़ पर ...................... कौआ बैठा है।

(ङ) रसगुल्ले बहुत ही ...................... होते हैं।

दो, मीठे, काला, खाकी, सुन्दर

5. इनके बारे में यदि तुमसे पूछें कि ये कैसे हैं, तो तुम क्या कहोगे?



माँ ......................



अंगूर ......................



बन्दर ......................

6. ये शब्द किसके बारे में बताते हैं? प्रत्येक के लिए दो नाम लिखिए—

मीठी ...................... ......................

ठंडी ...................... ......................

लाल ...................... ......................

गर्म ...................... ......................

# क्रिया : काम ही काम
## Verb : Actions

हर समय कुछ-न-कुछ काम किए जाते हैं या होते रहते हैं।

कुछ शब्द इन कामों के बारे में बताते हैं—



व्यायाम करना



सूरज उग रहा है।



खेलना



पढ़ना



नदी बह रही है।



लिखना



बोलना



सोना

- ऊपर के उदाहरणों में, व्यायाम करना, खेलना, पढ़ना, लिखना, बोलना, सोना, शब्द काम के किए जाने का बोध करा रहे हैं।
- 'उग रहा है, बह रही है' शब्द काम के अपने आप होने का बोध करा रहे हैं। ये सभी शब्द क्रिया हैं।

**जो शब्द किसी काम के किए जाने या होने का बोध कराता है, उसे क्रिया कहते हैं।**

क्रिया के बिना वाक्य अधूरा होता है।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) वाक्य किसके बिना अधूरा होता है?

(i) क्रिया ◯ (ii) संज्ञा ◯ (iii) विशेषण ◯

(ख) क्रिया कहते हैं—

(i) नाप-तौल का ज्ञान कराने वाले शब्दों को ◯

(ii) किसी काम के होने या किए जाने को ◯

(iii) काम का समय बताने वाले शब्दों को ◯

(ग) 'निकिता दूध पी रही है।' —इस वाक्य में क्रिया है—

(i) दूध ◯ (ii) पी रही है ◯ (iii) निकिता ◯

(घ) 'पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।' —इस वाक्य में क्रिया है—

(i) पक्षी ◯ (ii) आकाश में ◯ (iii) उड़ रहे हैं ◯

2. चित्र देखकर लिखिए कि उनमें क्या काम हो रहा है?



.....घूमना.....



.......................



.......................



.......................



.......................




.......................



.......................



.......................

3. क्रिया शब्दों के नीचे रेखा खींचिए—

(क) पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।

(ख) पिता जी दफ़्तर जाएँगे।

(ग) राधिका नाच रही है।

(घ) मोहन पुस्तक पढ़ रहा था।

(ङ) मैं दूध पी रहा हूँ।

(च) बिल्ली ने चूहे को पकड़ लिया।

4. सही क्रिया शब्द चुनकर खाली जगह भरिए—

(क) बीरबल अकबर के मन्त्री ........................। (था/थी/थे)

(ख) माधुरी नाच ........................ थी। (रहे/रही/रहा)

(ग) आइए, खाना खा ........................। (लीजिए/लो/ले)

(घ) तारे चमक रहे ........................। (है/हैं/होंगे)

(ङ) पिता जी कुर्सी पर ........................ हैं। (बैठी/बैठे/बैठा)

5. सही मिलान कर वाक्य लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | | नहीं जाएगा। | .................................................................. |
| तुम | खेलने | जाऊँगा। | .................................................................. |
| वह | | कब जाओगे? | .................................................................. |
| वे | | में कुशल हैं। | .................................................................. |

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—


(क) क्रिया किसे कहते हैं?

(ख) क्रिया के बिना वाक्य कैसा होता है?

(ग) "कुछ काम स्वयं होते हैं।" —इस कथन को उदाहरण देकर समझाइए।

# 10 पर्यायवाची शब्द : वस्तु एक, नाम अनेक
## Synonyms

एक वस्तु के अनेक नाम हो सकते हैं। इन सभी का अर्थ समान होता है। इन्हें **समान अर्थ वाले (पर्यायवाची) शब्द** कहते हैं; जैसे—



**सूर्य**
सूरज, रवि, दिनकर



**कमल**
नीरज, जलज, पंकज



**पेड़**
वृक्ष, तरु, विटप



**पहाड़**
पर्वत, गिरि, शैल



**चाँद**
चन्द्रमा, शशि, मयंक



**बादल**
मेघ, जलद, नीरद



**आग**
अग्नि, पावक, अनल



**घर**
गृह, भवन, सदन



**पानी**
जल, नीर, वारि

नीचे कुछ अन्य शब्दों के पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं। इन्हें याद कीजिए—

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| अमृत | सुधा, सोम, पीयूष |
| आँख | नयन, नेत्र, लोचन |
| आकाश | गगन, अम्बर, नभ |
| इन्द्र | सुरेश, देवेन्द्र, सुरेन्द्र |
| कपड़ा | वस्त्र, पट, चीर |
| गुरु | शिक्षक, अध्यापक, आचार्य |
| घोड़ा | अश्व, घोटक, हय |
| जंगल | वन, कानन, अरण्य |
| तालाब | सर, सरोवर, पुष्कर |
| दिन | दिवस, दिवा, वासर |
| देवता | गीर्वाण, सुर, अमर |
| नदी | सरि, सरिता, तटिनी |
| नारी | स्त्री, अबला, महिला |
| पुस्तक | किताब, ग्रन्थ, पोथी |
| पृथ्वी | धरा, भूमि, वसुधा |
| फूल | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| बन्दर | वानर, कपि, मर्कट |
| भौंरा | अलि, मधुप, मधुकर |
| माँ | माता, जननी, अम्बा |
| युद्ध | रण, समर, संग्राम |
| राजा | नृप, भूप, नरेश |
| रात | रात्रि, निशा, रजनी |
| राक्षस | दैत्य, असुर, निशाचर |
| समुद्र | सागर, जलधि, रत्नाकर |
| सिंह | शेर, केसरी, वनराज |









## कुछ करके सीखें

1. कुछ चित्रों के अनेक नाम आपस में मिल गए हैं। उन्हें छाँटकर उन्हीं के नीचे लिखिए—

*सिंह  शिक्षक  चन्द्रमा  जलज  वनराज  शशि  आचार्य  पंकज*






2. प्रत्येक पंक्ति में जो समान अर्थ वाले शब्द नहीं हैं उसके चारों ओर घेरा लगाइए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | फूल | सुमन | कली | कुसुम |
|  | नयन | नेत्र | आँख | भौंह |
|  | पर्वत | पहाड़ | घाटी | नग |
|  | माँ | मौसी | जननी | माता |
|  | बही | पोथी | पुस्तक | किताब |

3. नीचे दिए गए चित्रों के दो-दो नाम लिखिए—






# विलोम शब्द
Antonyms

कुछ शब्द एक-दूसरे से उलटा (विपरीत) अर्थ देते हैं। उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

आओ, एक कविता पढ़ें—

ऊपर बिल्ला सोया है,
नीचे चूहा बैठा है,
गरम दूध ठंडा पानी
मुझको तुम दे दो नानी,
सिर बड़ा, पर छोटे बाल
रोना छोड़ो, हँसना लाल!



कविता में आए विलोम शब्दों को पढ़िए और समझिए—

ऊपर — नीचे
बड़ा — छोटा
गरम — ठंडा
रोना — हँसना

कुछ और विलोम शब्द पढ़िए—

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आना | जाना | अन्दर | बाहर |
| दिन | रात | प्रश्न | उत्तर |
| आज | कल | सुबह | शाम |
| भला | बुरा | अँधेरा | उजाला |
| बन्द | खुला | गीला | सूखा |
| आगे | पीछे | सरल | कठिन |
| गोरा | काला | सोना | जागना |
| सुख | दु:ख | अपना | पराया |
| उलटा | सीधा | गरमी | सरदी |
| जीत | हार | सच | झूठ |

## कुछ करके सीखें

1. चित्र देखकर विलोम शब्द लिखिए—



.................. नीचे



छोटा ..................



अंदर ..................



आना ..................



सूखा ..................




.................. खुली

2. सही उलटे अर्थ के आगे सही (✓) का निशान लगाइए—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुख | — | खुश | | दुःख | | रोना | |
| उलटा | — | पीछे | | आगे | | सीधा | |
| आगे | — | पीछे | | इधर | | उधर | |
| गन्दा | — | सुन्दर | | साफ़ | | अच्छा | |
| गरमी | — | सरदी | | ठंड | | बारिश | |

3. विलोम शब्दों के जोड़े बनाकर लिखिए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | थोड़ा | गन्दा | थोड़ा | बहुत |
| (ख) | साफ़ | बहुत | .................. | .................. |
| (ग) | ठंडा | पुराना | .................. | .................. |
| (घ) | नया | गरम | .................. | .................. |
| (ङ) | सही | गोरा | .................. | .................. |
| (च) | काला | गलत | .................. | .................. |

4. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—

(क) सच्चा मित्र सुख में तो काम आता ही है और .................... में भी।

(ख) वह दिन .................... मेहनत करता है।

(ग) क़िताब मेज़ के ऊपर है या ....................।

(घ) सुबह उजाला होता है और शाम को ....................।

(ङ) मैच में भारत की जीत हुई और ऑस्ट्रेलिया की ....................।

5. प्रत्येक पंक्ति में विलोम शब्द पहचानकर घेरे (◯) में बन्द कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (दिन) | सुबह | (रात) | दोपहर |
| गाना | रोना | हँसना | जागना |
| लम्बा | छोटा | चौड़ा | दुबला |
| अपना | पड़ोसी | चाचा | पराया |

6. चित्र देखकर विलोम शब्दों के जोड़े बनाकर लिखिए—







.................... .................... ....................

# 12 शब्द-समूह के लिए एक शब्द
## One Word for Many

भाषा को सुन्दर और छोटा बनाने के लिए कई बार अनेक शब्दों के स्थान पर एक ही शब्द का प्रयोग किया जाता है। जैसे—



आबिद लकड़ी का सामान बनाने वाला है।
आबिद बढ़ई है।



श्यामू खेती करने वाला है।
श्यामू किसान है।



सुशील चित्र बनाने वाला है।
सुशील चित्रकार है।

नीचे कुछ उदाहरण दिए गए हैं, इन्हें पढ़िए और याद कीजिए—

| शब्द-समूह | एक शब्द |
|---|---|
| 1. जिसका कोई न हो | अनाथ |
| 2. जो कुछ न जानता हो | अज्ञानी |
| 3. जो ईश्वर में विश्वास रखता हो | आस्तिक |
| 4. जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो | नास्तिक |
| 5. जो काम से जी चुराता हो | कामचोर |
| 6. जिसमें दया न हो | निर्दय |
| 7. सदा सत्य बोलने वाला | सत्यवादी |
| 8. जो आसानी से मिल जाए | सुलभ |
| 9. जो साथ में पढ़ता हो | सहपाठी |
| 10. जो मांस न खाता हो | शाकाहारी |
| 11. जो प्रतिदिन होता हो | दैनिक |

| | |
|---|---|
| 12. जो सप्ताह में एक बार होता हो | साप्ताहिक |
| 13. जो महीने में एक बार होता हो | मासिक |
| 14. जो वर्ष में एक बार होता हो | वार्षिक |
| 15. पृथ्वी पर रहने वाला | थलचर |
| 16. कपड़े सीने वाला | दरजी |
| 17. मिट्टी के बरतन बनाने वाला | कुम्हार |



## कुछ करके सीखें

1. चित्र और काम के अनुसार एक-एक शब्द लिखिए—



जो पत्र बाँटता है।

..............................



जो बीमार का इलाज करता है।

..............................



जो कपड़े धोता है।

..............................

2. सही शब्द के सामने (✓) का चिह्न लगाइए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) जो साथ में पढ़ता हो | सहयोगी | ☐ | सहपाठी | ☐ |
| (ख) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो | आस्तिक | ☐ | नास्तिक | ☐ |
| (ग) जो आसानी से मिल जाए | सुलभ | ☐ | दुर्लभ | ☐ |
| (घ) जिसका कोई न हो | अनाथ | ☐ | अज्ञानी | ☐ |
| (ङ) पृथ्वी पर रहने वाला | थलचर | ☐ | नभचर | ☐ |

3. सही मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| (क) जो पढ़ाती हैं | सत्यवादी |
| (ख) जिसमें दया न हो | अज्ञानी |
| (ग) सदा सत्य बोलने वाला | अध्यापिका |
| (घ) जो प्रतिदिन होता हो | दरजी |
| (ङ) जो कुछ न जानता हो | निर्दय |
| (च) कपड़े सीने वाला | दैनिक |

# 13 दिन और महीने
## Days and Months

### वर्ष

एक वर्ष (साल) में 12 महीने अथवा 365 दिन होते हैं। प्रत्येक महीने में 30 या 31 दिन होते हैं। केवल फरवरी के महीने में 28 दिन होते हैं। हर 3 वर्ष के बाद फरवरी में 29 दिन होते हैं। इसे लीप वर्ष कहते हैं।

सप्ताह—सात दिनों के समूह को सप्ताह कहते हैं। इस प्रकार, सप्ताह में सात दिन होते हैं—

1. सोमवार — Monday
2. मंगलवार — Tuesday
3. बुधवार — Wednesday
4. बृहस्पतिवार — Thursday
5. शुक्रवार — Friday
6. शनिवार — Saturday
7. रविवार — Sunday



बच्चे जब-जब हुए उदास,
जा बैठे काकी के पास।
छह दिन बाद आता रविवार
छुट्टी होती एक ही बार
बच्चों का यह देख विचार
बोलीं काकी चश्मा उतार
सुनो-सुनो एक पते की बात
सप्ताह में दिन होते सात।

वर्ष में महीने—एक वर्ष में बारह महीने होते हैं। सब एक के बाद एक क्रम में आते हैं।


1. जनवरी — January
2. फरवरी — February
3. मार्च — March
4. अप्रैल — April
5. मई — May
6. जून — June
7. जुलाई — July
8. अगस्त — August
9. सितम्बर — September
10. अक्टूबर — October
11. नवम्बर — November
12. दिसम्बर — December




जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल
मई, जून, जुलाई,
खाते-पीते सात महीने
हमने करी पढ़ाई।
अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर
में भी रटे सवाल,
माह नवम्बर और दिसम्बर
पढ़-पढ़ हुए बेहाल।
इस तरह से हमने भाई
सारा साल बिताया,
पढ़ते-पढ़ते, रटते-रटते
नया साल फिर आया।

# कुछ करके सीखें

1. सप्ताह में सात दिन होते हैं। जो छूट गया है, उसे लिखिए—




2. वर्ष में बारह महीने होते हैं। उनके नाम क्रम से लिखिए—




3. खाली जगह भरिए—

(क) आज बुधवार है तो कल ......मंगलवार...... था।

(ख) शुक्रवार से पहले .............................. होता है।

(ग) एक साल में .............................. महीने होते हैं।

(घ) सप्ताह का पाँचवाँ दिन .............................. होता है।

(ङ) दिसम्बर वर्ष का .............................. महीना होता है।

(च) मई से पहले .............................. माह आता है।

# 14 चित्र-वर्णन
Picture Reading

## जन्मदिन




1. आज रवि का जन्मदिन है।
2. वह बहुत खुश है।
3. उसके बहुत-से मित्र आए हैं।
4. वे उसके लिए उपहार लाए हैं।
5. सबने मिलकर केक और तरह-तरह की मिठाइयाँ खाईं।

## बगीचा

1. यह बगीचे का चित्र है।
2. यहाँ कुछ लोग घूम रहे हैं।
3. कुछ लोग व्यायाम कर रहे हैं।
4. चार बच्चे खेल रहे हैं।
5. दो बच्चे झूला झूल रहे हैं।
6. पेड़ों पर चिड़ियाँ चहचहा रही हैं।



**शिक्षकों के लिए**

- इस प्रकार अन्य चित्र दिखाकर उससे सम्बन्धित वाक्य पूछिए।

# 15 पत्र-लेखन
## Letter-Writing

हमें अपने जीवन में कभी-कभी मित्रों को तथा कभी दूर बैठे रिश्तेदारों या विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि को पत्र लिखने पड़ते हैं। अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाने का पत्र-लेखन एक अच्छा साधन है। पत्र दो प्रकार के होते हैं—(1) व्यक्तिगत तथा (2) औपचारिक।

पत्र लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए—



- भाषा सरल हो।
- पत्र साफ अक्षरों में लिखा हो।
- जिसे पत्र लिखना है, उसे ठीक से सम्बोधित किया गया हो।
- कम शब्दों में बात कही गई हो।
- पता ठीक लिखा हो।

## कुछ पत्रों के नमूने

1. चाचा जी द्वारा भेजे गए उपहार के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए पत्र—



127, डिफेंस कॉलोनी,
कानपुर (उत्तर प्रदेश)
दिनांक ..........................

आदरणीय चाचा जी,

नमस्ते !

आशा है आप सब ठीक होंगे। आपकी उपहार में भेजी हुई पुस्तक 'पंचतंत्र की कहानियाँ' मुझे कल मिली। इसमें ढेर सारी कहानियाँ और खूब सारे चित्र भी हैं। मैंने अभी तक दो कहानियाँ पढ़ी हैं, बड़ा मजा आया। मुझे आपकी बहुत याद आती है। अर्पिता कैसी है और अखिल भैया कैसे हैं? माँ ने चाचीजी को स्नेह भेजा है। कहानियों की पुस्तक के लिए धन्यवाद।

आपकी बेटी
राधा

2. अपनी कुशलता का समाचार देते/बताते हुए माताजी को पत्र—



छात्रावास, शेरवुड बोर्डिंग स्कूल
नैनीताल (उत्तराखण्ड)
दिनांक ........................

आदरणीय माताजी,
सादर प्रणाम!

मैं यहाँ कुशलता से हूँ और आशा करता हूँ कि आप भी घर पर सकुशल होंगी। पिताजी का स्वास्थ्य कैसा है? मैं मन लगाकर पढ़ रहा हूँ। यहाँ रोज सुबह जल्दी उठकर अपने काम पूरे करने होते हैं। कक्षाओं और खेल के मैदान में दिन कब बीत जाता है पता ही नहीं चलता। वेंकट और गुरप्रीत मेरे सबसे अच्छे दोस्त हैं। मुझे आपकी बहुत याद आती है। छुट्टियों में तो आप मुझे लेने आएँगे ही।

आपका बेटा
ललित

3. अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र—




सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय सिविल लाइन्स
झाँसी (उत्तर प्रदेश)
दिनांक ........................

विषय : अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

मैं दिनांक 24 और 25 जुलाई को विद्यालय न आ सका। वर्षा में भीग जाने के कारण मुझे तेज बुखार हो गया था। कृपया मुझे इन दो दिनों का अवकाश प्रदान कीजिए। मैं अपना छूटा हुआ काम अवश्य पूरा कर लूँगा। धन्यवाद!

आपका शिष्य
चैतन्य मुखर्जी
कक्षा 2 ब



## कुछ करके सीखें

1. अपने मित्र/सखी को जन्मदिन पर बुलाने के लिए पत्र लिखिए।
2. गृहकार्य पूरा न कर पाने पर विषय-अध्यापिका से क्षमा माँगते हुए पत्र लिखिए।

# 16 कहानी-लेखन
## Story-Writing

बचपन में हम सभी अपने नाना-नानी अथवा दादा-दादी आदि से पशु-पक्षी, राजा-रानी की कहानियाँ सुनते हैं। कहानी सुनना सब पसन्द करते हैं। कहानी सुनते या पढ़ते समय हम उसी के प्रसंग में खो जाते हैं। अतः हमें स्वयं भी चित्रों के आधार पर छोटी-छोटी कहानियाँ सरल भाषा में लिखने का प्रयास करना चाहिए।

### गले का हार

कहानी पढ़िए—




कहानी में आए पात्रों के मुखौटे बनाइए और कक्षा में अभिनय कीजिए।

## आसमान गिरा

कहानी के पात्रों का उनके चित्रों से मिलान कीजिए—



*पेड़* *खरगोश* *सेब* *तोता* *घोड़ा* *मोर* *लोमड़ी* *बन्दर*

अब, चित्रकथा पढ़कर सुनाइए—

एक दिन  के नीचे एक  सो रहा था। ऊपर से एक  गिरा। वह झट से उठा और उसने शोर मचाया, 'आसमान गिर रहा है··· भागो-भागो' और  डरकर भागने लगा। पीछे-पीछे पेड़ पर बैठा  भी उड़ने लगा। देखते-ही-देखते घास चरता हुआ  भी दौड़ा। उनके पीछे  भी आया। एक  ने टोली को देखा। 'भागते क्यों हो?' उसने पूछा। 'आसमान गिर रहा है', हाँफते हुए  बोला। यह सुनकर  पर बैठा  भी डर गया।  ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगी। उसे हँसते देख  ने पूछा, 'तुम क्यों हँस रही हो? भागो-भागो, तुम भी भागो।'  ने सबको रोका और पूछा, 'कहाँ गिर रहा है आसमान?'  ने डरते हुए कहा, 'वहाँ, उस पेड़ के नीचे।' सबको साथ लेकर  पहुँची  के पास। उसने ज़मीन पर गिरा  उठाया और सबको दिखाया और कहा, 'यही है तुम्हारा आसमान!'  हँसने लगे।

**शिक्षकों के लिए**

- चित्रकथा पढ़ने में बच्चों की मदद कीजिए और उचित अनुतान के साथ पढ़िए।

# शेर और चूहा

चित्र देखिए और उपयुक्त शब्द चुनकर कहानी पूरी कीजिए—



जंगल में पेड़ के नीचे .......................... सो रहा था।

एक .......................... उस पर उछल-कूद करने लगा।

शेर ने चूहे को .......................... लिया।



चूहा बोला—मुझे .......................... कर दो।

मैं भी तुम्हारी .......................... करूँगा।

शेर ने उसे .......................... दिया।



एक दिन शेर .......................... में फँस गया।

चूहे ने आकर जाल .......................... दिया।



शेर और चूहे में .......................... हो गई।

*चूहा दोस्ती माफ़ छोड़ शेर सहायता काट*
*जाल पकड़*

# 17 निबन्ध-लेखन
## Essay-Writing

किसी विषय पर अपने भाव-विचार पूर्ण रूप में सरल व सुंदर प्रकार से क्रमबद्ध रूप में लिखना निबन्ध-लेखन कहलाता है।

निबन्ध लिखते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए—

- निबन्ध की भाषा सरल एवं स्पष्ट होनी चाहिए।
- निबन्ध में लिखे गए वाक्य छोटे और अर्थपूर्ण होने चाहिए।
- वर्तनी की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए।
- लेख साफ एवं सुंदर होना चाहिए।

### 1. मेरे प्रिय अध्यापक

1. श्री अरुण चोपड़ा हमारे कक्षा अध्यापक हैं।
2. वे हमें हिन्दी पढ़ाते हैं।
3. उनके पढ़ाने का ढ़ग बहुत अच्छा है।
4. वे सदैव समय पर विद्यालय आते हैं।
5. वे अच्छे और साफ कपड़े पहनते हैं।
6. वे बहुत ही अनुशासनप्रिय हैं।
7. उन्हें कई कविताएँ याद हैं।
8. सभी बच्चे उनकी आज्ञा का पालन करते हैं।



### 2. मेरा प्रिय मित्र

1. ईशान मेरा सबसे अच्छा मित्र है।
2. वह मेरी कक्षा में पढ़ता है।
3. वह हमारे मकान के पास रहता है।
4. हम विद्यालय साथ-साथ जाते हैं।
5. हम शाम को खेलते हैं।
6. वह साफ कपड़े पहनता है।
7. हम एक-दूसरे को प्यार करते हैं।
8. वह कक्षा में सदा प्रथम आता है।



## 3. मेरा विद्यालय




1. मैं सरस्वती बाल विद्या मन्दिर में पढ़ता हूँ।
2. हमारे विद्यालय का भवन बहुत विशाल है।
3. विद्यालय में बीस कमरे एवं दो खेल के मैदान हैं।
4. हमारे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आदेश कुमार शास्त्री जी हैं।
5. हमारे विद्यालय में पन्द्रह अध्यापक हैं।
6. वे हमें अलग-अलग विषय पढ़ाते हैं।
7. खेल के अध्यापक हमें तरह-तरह के खेल सिखाते हैं।
8. हमारे विद्यालय का शहर में काफी नाम है।

## 4. दीपावली



1. दीपावली हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार है।
2. यह अक्टूबर या नवम्बर के महीने में आता है।
3. यह रोशनी का त्योहार है।
4. इस अवसर पर लोग नए कपड़े पहनते हैं।
5. वे अपने घरों को सफेदी करके सजाते हैं।
6. बच्चे बाजार से मिठाई एवं खिलौने खरीदते हैं।
7. रात में लोग देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। लक्ष्मी धन की देवी हैं।
8. लोग अपने घरों में मोमबत्ती एवं लैम्प जलाते हैं।
9. कुछ लोग विभिन्न रंगों के बल्ब और झालरें जलाते हैं।
10. इस दिन लोग बहुत खुश रहते हैं।



## कुछ करके सीखें

निम्नलिखित विषयों पर 10 लाइन का निबन्ध लिखिए—

1. मेरा घर
2. होली
3. गाय
4. मेरा प्रिय खेल

# 17 अपठित गद्यांश
## Unseen Passages

किसी कहानी, निबन्ध या नाटक का ऐसा अंश, जो पहले न पढ़ा गया हो, अपठित गद्यांश कहलाता है। अपठित गद्यांश को पढ़कर हमें उसके प्रश्नों के सटीक उत्तर देने होते हैं। उदाहरणार्थ—

पानी हम सबकी प्यास मिटाता है। पानी के बिना मानव जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। पानी की निरन्तरता को बनाए रखने के लिए अधिक-से-अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए तथा पानी का संरक्षण करना चाहिए। याद रखिए, यदि जल है तो जीवन है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

1. कौन सबकी प्यास मिटाता है? — पानी
2. पानी के बिना किसकी कल्पना नहीं की जा सकती? — मानव-जीवन की
3. जल है तो क्या है? — जीवन

### कुछ करके सीखें

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

डाकिया घर-घर चिट्ठियाँ पहुँचाता है। वह खाकी वरदी पहनता है। वह सुबह तैयार होकर अपने क्षेत्र के डाकघर में जाता है। वह 'पत्र-पेटी' से पत्र निकालकर डाकघर ले जाता है। डाकिया बड़ा दयालु होता है। वह अनपढ़ लोगों के पत्र भी लिख देता है। वह अपना काम पूरी सजगता से करता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

1. घर-घर चिट्ठियाँ कौन पहुँचाता है?

..........................................................................................

2. डाकिया कैसी वरदी पहनता है?

..........................................................................................

3. डाकिया पत्र कहाँ से निकालकर डाकघर ले जाता है?

..............................................................................................................

4. डाकिया किन लोगों के पत्र लिखता है?

..............................................................................................................

II. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

हमारे देश में अनेक प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें मोर बड़ा आकर्षक और सुन्दर पक्षी है। इसका शरीर गहरे नीले रंग का होता है। इसकी गरदन लम्बी होती है। मोर के लम्बे-लम्बे पंखों पर चाँद जैसी आकृति बनी होती है, जिनका रंग गहरा जामुनी, नीला और हरा होता है। लम्बे और भारी पंख होने के कारण मोर अधिक ऊँचाई तक उड़ नहीं पाता। मोरनी के पंख बहुत छोटे होते हैं। मोर अकसर बाग-बगीचों, खेतों और वनों में पाए जाते हैं। आकाश में जब बादल घिर आते हैं तब मोर प्रसन्न होकर पंख फैलाकर नाचने लगता है। नाचते समय मोर बहुत सुन्दर लगता है।

1. मोर के पंखों की क्या विशेषता है?

..............................................................................................................

2. मोर का शरीर किस रंग का होता है?

..............................................................................................................

3. मोर प्राय: कहाँ दिखाई देते हैं?

..............................................................................................................

4. आकाश में बादल छा जाने पर मोर क्या करता है?

..............................................................................................................

5. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द गद्यांश से चुनकर लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंछी : | .............................. | चन्द्रमा : | .............................. |
| गगन : | .............................. | जंगल : | .............................. |

# PERIODIC TEST Term 1

(अध्याय 1 से 5 पर आधारित)

समय : ..............

पूर्णांक : ..............

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(क) सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए—**

1. भारत की राजभाषा है—

   (i) संस्कृत ☐ (ii) हिन्दी ☐ (iii) अंग्रेजी ☐

2. हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं?

   (i) 13 ☐ (ii) 15 ☐ (iii) 11 ☐

3. फूलगोभी है—

   (i) फूल का नाम ☐ (ii) फल का नाम ☐ (iii) सब्जी का नाम ☐

**(ख) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए—**

1. .................... कपड़े धो रहा है। (धोबिन/धोबी)
2. व्याकरण भाषा के ...................... बनाता है। (नियम/काम)
3. भाषा के लिखित रूप में बात ................ बताते हैं। (बोलकर/लिखकर)
4. ................ भाषा की सबसे छोटी इकाई है। (शब्द/वर्ण)

**(ग) पुल्लिंग शब्द का स्त्रीलिंग शब्द से मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| 1. माली | (i) रानी |
| 2. हिरन | (ii) लड़की |
| 3. युवक | (iii) मालिन |
| 4. राजा | (iv) हिरनी |
| 5. लड़का | (v) युवती |

**(घ) चित्रों को देखिए और खाली स्थान भरकर सही शब्द बनाइए—**




**(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

1. भाषा किसे कहते हैं?
2. संयुक्त वर्णों की संख्या बताइए और लिखिए।
3. वाक्य किसे कहते हैं?

# HALF-YEARLY Test Paper

(अध्याय 1 से 9 पर आधारित)

समय : ..........

पूर्णांक : ..........

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(क) सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—**

1. 'पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।' इस वाक्य में क्रिया है—

   (i) पक्षी ☐ (ii) आकाश में ☐ (iii) उड़ रहे हैं ☐

2. 'आम बहुत मीठा है।' इस वाक्य में विशेषण शब्द है—

   (i) बहुत ☐ (ii) मीठा ☐ (iii) आम ☐

3. वचन के भेद होते हैं—

   (i) तीन ☐ (ii) चार ☐ (iii) दो ☐

4. 'बेटा' शब्द का सही स्त्रीलिंग शब्द है—

   (i) बहन ☐ (ii) बेटी ☐ (iii) युवती ☐

5. कौन-से स्वर की मात्रा नहीं होती?

   (i) आ ☐ (ii) अ ☐ (iii) इ ☐

**(ख) शब्दों को क्रम में लिखकर सही वाक्य बनाइए—**

1. गाजर खरगोश खाता है। ..............................
2. पत्ते खा बकरी है रही। ..............................
3. मैं जा रहा हूँ दिल्ली। ..............................
4. गिलहरी चढ़ रही है पेड़ पर। ..............................
5. दूध पी रही है बिल्ली। ..............................

**(ग) रिक्त स्थानों में उचित क्रिया शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए—**

1. पिताजी कुर्सी पर .............................. हैं।
2. बच्चे मैदान में खेल .............................. हैं।
3. मोर जंगल में नाच .............................. है।
4. मोहन पुस्तक पढ़ .............................. था।
5. तारे आकाश में चमक .............................. हैं।

(घ) नीचे दिए गए विशेषण और विशेष्य ( संज्ञा शब्दों ) के जोड़े बनाइए—

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| 1. काला | (i) पानी |
| 2. जहरीला | (ii) आसमान |
| 3. ठंडा | (iii) नींबू |
| 4. खट्टा | (iv) साँप |
| 5. नीला | (v) कौआ |

(ङ) वचन बदलकर दोबारा लिखिए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घोड़ा | .................... | गमले | .................... | आँख | .................... |
| माता | .................... | रानी | .................... | कलियाँ | .................... |
| मालाएँ | .................... | घंटे | .................... | बच्चे | .................... |

(च) दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मोर | .................... | शेर | .................... | हाथी | .................... |
| नौकर | .................... | सेठ | .................... | अध्यापक | .................... |

(छ) उचित सर्वनाम शब्दों से खाली स्थान भरिए—

1. क्या .................... अन्दर आ सकता हूँ?
2. .................... घर कब लौटेंगे?
3. .................... पापा सबके लिए उपहार लाए।
4. क्या .................... के लिए चाय बनाऊँ?
5. .................... स्कूल साथ जाते हैं।

(ज) वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए—

1. मेरे पास एक पुस्तक है।
2. बालक पढ़ रहा है।
3. दिल्ली भारत की राजधानी है।
4. राम कल आगरा जाएगा।
5. हाथी की सूँड़ लम्बी होती है।

(झ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

1. क्रिया किसे कहते हैं?
2. विशेषण किसे कहते हैं?
3. सर्वनाम किसे कहते हैं?
4. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?
5. वर्ण किसे कहते हैं?

# PERIODIC TEST Term 2

(अध्याय 1 से 14 पर आधारित)

समय : ..........

पूर्णांक : ..........

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(क) सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—**

1. 'इ' स्वर की मात्रा व्यंजन के किस ओर लगती है?

   (i) नीचे ☐ (ii) बाद में ☐ (iii) पहले ☐

2. हिन्दी में लिंग के भेद हैं—

   (i) चार ☐ (ii) दो ☐ (iii) तीन ☐

3. वाक्य किसके बिना अधूरा होता है?

   (i) क्रिया ☐ (ii) संज्ञा ☐ (iii) विशेषण ☐

**(ख) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए—**

1. .................... भारत की राजभाषा है। (मराठी/हिन्दी)
2. सभी मात्राओं को लगाने का तरीका ...................... होता है। (एक-जैसा/अलग)
3. ................ घास खा रहे हैं। (घोड़ा/घोड़े)
4. थैले में कितनी ................ हैं। (वस्तु/वस्तुएँ)

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिन | ...................... | भला | ...................... | जीत | ...................... |
| अन्दर | ...................... | सरल | ...................... | अपना | ...................... |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| आँख | ...................... | ...................... |
| पृथ्वी | ...................... | ...................... |
| आकाश | ...................... | ...................... |

**(ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए—**

जो चित्र बनाता है। ..............................

सदा सत्य बोलने वाला। ..............................

जो खेती करता है। ..............................

जो कपड़े धोता है। ..............................

# ANNUAL Test Paper

समय : ..............

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। पूर्णांक : ..............

## (क) सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए—

1. रविवार से पहले .................... आता है।

   (i) शुक्रवार ☐ (ii) सोमवार ☐ (iii) शनिवार ☐

2. एक वर्ष में .................... महीने होते हैं।

   (i) दस ☐ (ii) ग्यारह ☐ (iii) बारह ☐

3. पत्र के .................... प्रकार होते हैं।

   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) चार ☐

4. चिड़ियाघर है—

   (i) स्थान का नाम ☐ (ii) इमारत का नाम ☐ (iii) पशु-पक्षी का नाम ☐

5. भाषा के रूप हैं—

   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) पाँच ☐

## (ख) खाली स्थान में उचित विशेषण शब्द चुनकर भरिए—

1. मैं कक्षा .................... में पढ़ता/पढ़ती हूँ।
2. पेड़ पर .................... कौआ बैठा है।
3. अंगूर बहुत ही .................... थे।
4. तोते की चोंच .................... है।

काला
लाल
दो
मीठे

## (ग) निम्नलिखित शब्दों का उनके पर्यायवाची शब्दों से मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| 1. बादल | (i) नीरज, पंकज, जलज |
| 2. घर | (ii) जल, नीर, वारि |
| 3. पानी | (iii) मेघ, जलद, नीरद |
| 4. पेड़ | (iv) गृह, भवन, सदन |
| 5. कमल | (v) वृक्ष, तरु, विटप |

## (घ) सही उलटे अर्थ के आगे सही ( ✓ ) का निशान लगाइए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सुख | — | खुश ◯ | दुःख ◯ | रोना ◯ |
| आगे | — | पीछे ◯ | इधर ◯ | उधर ◯ |
| उलटा | — | आगे ◯ | पीछे ◯ | सीधा ◯ |
| गरमी | — | बारिश ◯ | सरदी ◯ | ठंड ◯ |
| दिन | — | रात ◯ | उजाला ◯ | अँधेरा ◯ |

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| केला | ...................... | प्याला | ...................... |
| बेटा | ...................... | मेला | ...................... |
| पत्ती | ...................... | सेना | ...................... |
| मिठाई | ...................... | घटा | ...................... |
| बच्चा | ...................... | कमरा | ...................... |

(च) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए—

1. हाथी जाता है। ..................................
2. शेरनी शिकार करती है। ..................................
3. यह नानी का घर है। ..................................
4. दादाजी घर पर हैं। ..................................
5. भारत माँ का हर बेटा बहादुर है। ..................................

(छ) निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए—

खेलना : ..................................................................

पढ़ना: ..................................................................

नाचना : ..................................................................

उगना : ..................................................................

(ज) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

भारत त्योहारों का देश है। यहाँ अनेक धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। सभी धर्मों के त्योहारों को यहाँ धूमधाम से मनाया जाता है। मेरा प्रिय त्योहार दीपावली है। इस दिन भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे। उनके आने की खुशी में ही यह त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घर को कंदील और फूलों से अच्छी तरह सजाते हैं। शाम को लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा के बाद स्वादिष्ट व्यंजन खाने और दोस्तों के साथ पटाखे जलाने में बहुत मज़ा आता है।

1. भारत कैसा देश है?
2. भगवान श्रीराम कितने वर्ष का वनवास काटकर आए थे?
3. इस दिन लोग घरों को किससे सजाते हैं?
4. शाम को किसकी पूजा की जाती है?